

# श्री त्रिलोकेश्वर महादेव मंदिर का हुआ जीणोद्धार

**बड़नगर । संगम चौराहा के समीप त्रयंबकेश्वर वाटिका परिसर पर अति प्राचीन बावड़ी के समीप स्थित श्री त्रिलोकेश्वर महादेव मंदिर के पुनरोद्धार पश्चात शिवार्पण कार्यक्रम सावन मास के प्रथम सोमवार को मंत्रोचार के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक जितेन्द्रसिंह पण्डया ने सपत्नीक धर्म ध्वजा का पुजन अर्चन कर मंदिर के शिखर पर ध्वजा लहराई।**

शिवार्पण कार्यक्रम पं जगदीश शर्मा के आचार्यत्व में किया गया। जिसमें पुजा अभिषेक का लाभ राकेश शर्मा व अनिल शर्मा दंपत्ति द्वारा लिया गया। पुजा अभिषेक पश्चात महाआरती व प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक द्वय शांतिलाल धबाई, मुरली मोरवाल, नपा उपाध्यक्ष अनिता वर्मा, शिव सेना के प्रभात पुरानिया, संतोष बगेरवाल, एल्डरमेन महेश सेन, मधुसुदन गुर्जर, सत्यनारायण भाटी, राजकुमारी निम्बोला, नगर भाजपा अध्यक्ष नवीन राठौड़, जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव,सांवरिया शर्मा, सतीश गेहलोत आदि धर्मालुजन, गणमान्य जन, पत्रकार गण उपस्थित हुऐ।

**विधायक ने किया बाउंड्रीवाल का भुमि पुजन**– इस अवसर पर विधायक जितेन्द्रसिंह पण्डया ने त्रयंबकेश्वर वाटिका परिसर की बाउण्ड्रीवाल का भुमि पुजन भी किया। ज्ञातव्य है की त्रयंबकेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट की भुमि पर त्रयंबकेश्वर वाटिका का निर्माण किया जाना है।

### हिन्दू पंचान समिति ने किया जिर्णोद्धार

मंदिर एवं बावड़ी का जिर्णोद्धार भक्तो के सहयोग से हिन्दू पंचान समिति द्वारा किया गया। शिवार्पण कार्यक्रम पश्चात विधायक जितेन्द्रसिंह पण्डया व हिन्दु पंचान समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद द्वितीय, डॉ.वासुदेव काबरा, विराग मिश्रा, सत्यनारायण शर्मा प्रबंधक, सुरेश भावसार, विनय शर्मा,मनीष पोरवाल, सतीश वर्मा, कमल पांचाल, व्यवस्थापक प्रेम जी खिंची, अजय राठौड़ व उपस्थित गणमान्यजन ने मंदिर परिसर पर बिल्व पत्र , शमी, धतुरा, बरगद सहित विभिन्न किस्म के पोधो का रोपण किया। हिन्दू पंचान समिति, श्री त्रिलोकेश्वर महादेव भक्त मण्डल व श्री त्रयंबकेश्वर मित्र मण्डल न्यास ने सभी भक्तजन व सहयोग करने वाले श्रृद्धालूजन का आभार माना।

# एलिवेटेड ब्रिज की ड्राइंग डिजाइन ने पुराने शहर में किया प्रवेश

**उज्जैन।** किसी ने भी नहीं सोचा था कि सकरी तंग गलियों और मुख्य व्यवसायिक मार्ग पर एलिवेटेड ब्रिज बनेगा। इंदौर गेट से लेकर नई सड़क होते हुए कंठाल और निकास चौराहा वाले मार्ग पर एलिवेटेड ब्रिज के लिए मिट्टी की जांच करने के लिए मशीन है लग चुकी है और बोरिंग कर पिलर खड़े करने की क्षमता आंकी जा रही है। फोरलेन वाले हिस्से पर यह काम हो चुका है अब एलिवेटेड ब्रिज की टू लेन डिजाइन ने पुराने शहर में प्रवेश कर लिया है। नवभारत से चर्चा में उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगामी उज्जैन प्रवास के दौरान दो महत्वाकांक्षी एलिवेटेड ब्रिज परियोजनाओं का भूमिपूजन कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रशासन कार्यक्रम को लेकर पूरी तरह तैयार है और मुख्यमंत्री से समय मिलते ही इसकी औपचारिक घोषणा कर दी जाएगी।

**दो एलिवेटेड ब्रिज बनेंगे**– मंत्रिपरिषद पहले ही इस परियोजना को प्रशासनिक स्वीकृति दे चुकी है। मकोड़िया आम चौराहे से चिमनगंज मंडी चौराहा होता हुआ देवास गेट के आगे इंदौर गेट तक चार लेन एलिवेटेड ब्रिज तथा निकास चौराहा से इंदौर गेट तक दो लेन एलिवेटेड ब्रिज सहित कुल 5.32 किलोमीटर लंबे निर्माण कार्य के लिए 945 करोड़ 20 लाख रुपये की मंजूरी दी जा चुकी है। योजना की टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है।

**समानांतर हरिफाटक ब्रिज**–इसी क्रम में हरिफाटक क्षेत्र के रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण की प्रक्रिया भी आगे बढ़ गई है। लगभग 980 मीटर लंबे चार लेन रेलवे ओवर ब्रिज के लिए रवि इंफ्राबिल्ड प्रोजेक्ट्स को ही सबसे कम बोलीदाता (एल-1) घोषित किया है। यह पुल हरिफाटक चौराहे को नीलकंठ द्वार से जोड़ेगा।

**दो रैंप बनेंगे**–इसके साथ करीब 500 मीटर लंबे दो अतिरिक्त रैंप भी बनाए जाएंगे, जिनमें 140 मीटर बड़नगर रोड तथा 360 मीटर त्रिवेणी द्वार की ओर होंगे। यह निर्माण ईपीसी मोड पर किया जाएगा। प्रस्तावित पहला एलिवेटेड कॉरिडोर मकोड़िया आम चौराहा से शुरू होकर देवासगेट, रेलवे स्टेशन और हरिफाटक तक जाएगा, जबकि दूसरा कॉरिडोर निकास चौराहा से दौलतगंज होते हुए इंदौर गेट तक बनाया जाएगा। ये दोनों शहर के सबसे व्यस्त मार्ग हैं, जहां प्रतिदिन हजारों वाहनों का दबाव रहता है। यह दबाव एलिवेटेड ब्रिज से खत्म होगा.

### दो एलिवेटेड कॉरिडोर का मुख्यमंत्री करेंगे भूमि पूजन



### 1000 करोड़ का ब्रिज 50 करोड़ के लिए फायदेमंद

महाकुंभ-2028 में करीब 50 करोड़ श्रद्धालुओं और देशभर से आने वाले साधु-संतों के उज्जैन पहुंचने का अनुमान है। ऐसे में शहर को ट्रैफिक जाम से मुक्त रखना सबसे बड़ी चुनौती है। इन्हीं जरूरतों को देखते हुए यह योजना तैयार की गई है। जिससे न केवल महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी, बल्कि स्थायी रूप से शहरवासियों को भी रोजाना लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी।

### मेट्रो ट्रेन का भविष्य

योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि दोनों एलिवेटेड कॉरिडोर का डिजाइन भविष्य में मेट्रो रेल संचालन को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। वहीं एलिवेटेड ब्रिज के नीचे सामान्य यातायात और व्यापारिक गतिविधियां पहले की तरह निर्बाध रूप से संचालित होती रहेंगी।

# एक शाम किशोर-रफी के नाम संपन्न

**महिदपुर।** शहर के ख्यात गायक गायिकाओं ने अपने सुमधुर गीतों से मशहूर गायक मोहम्मद रफी और किशोर कुमार को स्वरांजलि दी। नगर पालिका सभागार में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम मानस म्यूजिकल ग्रुप द्वारा किया गया। कार्यक्रम वरिष्ठ पत्रकार संगीत मर्मज्ञ जवाहर डोसी के मुख्य आतिथ्य एवं जैनेंद्र खेमसरा के संचालन से चलता रहा। शुभारंभ कार्यक्रम के संयोजक गायकद्वय अवनीश पण्ड्या एवं निलेश दावरे ने अतिथियों के कर कमलों से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण से किया गया। इसके पश्चात अपने सुरीले गीतों से निलेश दावरे, अवनीश पण्ड्या, विशेष ठाकुर, मंजूर अहमद, कमल राठी, गायिका अंजली आशीष शर्मा, बादल ठाकुर, शैलेंद्र देवलाया, धर्मेंद्रसिंह, सचिन, मुरली गहलोत ने अपने सुमधुर गीतों की प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। गायकों का सम्मान नगर की समर्पित सामाजिक संस्था के पं. प्रदीप समाधिया एवं पदाधिकारी ने पुष्पमाला एवं दुपट्टे ओढ़ाकर किया।



# उर्वरक वितरित करने के निर्देश के बाद भी नहीं मिल रहा

**खाचरौद।** मध्यप्रदेश शासन के कृषि कल्याण विभाग द्वारा हाइब्रिड मोड से किसानों को उर्वरक खाद वितरण के स्पष्ट निर्देश जारी किए जाने के बावजूद क्षेत्र के किसानों को समय पर रासायनिक खाद नहीं मिल रहा है। जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद राधेश्याम बंबोरिया ने इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादवजी को ईमेल के माध्यम से पत्र भेजकर बताया कि राज्य शासन ने किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 29 जुलाई 2026 को ई-टोकन व्यवस्था समाप्त कर हाइब्रिड मोड से खाद वितरण के निर्देश जारी किए थे। इसके बावजूद क्षेत्र की सेवा सहकारी संस्थाओं, सोसाइटीयो एवं संबंधित वितरण केंद्रों पर किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो रहा है। किसान खाद के लिए संस्थाओं और कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें समय पर भी उनका कोई संतोष जनक जवाब नहीं मिल रहा है। बंबोरिया ने प्रदेश के सभी किसानों को सरल, पारदर्शी एवं सुगम व्यवस्था के तहत तत्काल पर्याप्त मात्रा में रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराकर किसानों को राहत दिलवाने की मांग की है।

### एक नजर में

## प्रत्यक्ष छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर एनएसयूआई की बैठक



**उज्जैन।** आगामी सितंबर 2026 में प्रस्तावित छात्रसंघ चुनाव को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) की एक महत्वपूर्ण बैठक कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक जिला अध्यक्ष हिमांशु शुक्ल के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें प्रदेश सरकार से छात्रसंघ चुनाव प्रत्यक्ष (डायरेक्ट) प्रणाली से कराने की मांग की गई। साथ ही जिले के सभी महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रत्यक्ष छात्रसंघ चुनाव विद्यार्थियों को अपने प्रतिनिधि चुनने का लोकतांत्रिक अधिकार प्रदान करते हैं, जिससे छात्र नेतृत्व अधिक सशक्त और जवाबदेह बनता है। एनएसयूआई ने शासन एवं विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की कि छात्रसंघ चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी एवं प्रत्यक्ष प्रणाली के माध्यम से कराए जाएं। बैठक के दौरान संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हिमांशु शुक्ल ने कहा कि एनएसयूआई छात्रहितों की आवाज़ को मजबूती से उठाती रहेगी और आगामी छात्रसंघ चुनाव में पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेगी। इस मौके पर तरुण परिहार, सोहेल जैदी, अखलेश अस्तेय, अमन सोनी, अमित आजाद, रोहित लश्करी, बलराम गुर्जर, योगांश शर्मा, अभिषेक खंडेलवाल, आशीष परमार, गौरव मंडोर, प्रदीप वाजपेयी, वासुदेव, ऋषभ यादव, ईशान धैफ्ते, बंटी परिहार सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने आगामी छात्रसंघ चुनाव में एनएसयूआई को मजबूत बनाने तथा छात्र हितों की लड़ाई को पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## एफसीआई अधिकारियों की कार्यप्रणाली से परेशान निजी वेयरहाउस संचालकों ने अफसरों के सामने उठाई समस्याएं



**उज्जैन।** शहर में मध्य प्रदेश निजी वेयरहाउस ओनर्स एसोसिएशन और एमपी डब्ल्यूएलसी की संयुक्त समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले के निजी वेयरहाउस संचालकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से एमपी डब्ल्यूएलसी और नान के अधिकारियों को अवगत कराया। अधिकारियों ने सभी समस्याओं के जल्द निराकरण का आश्वासन दिया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डी पी भाईजी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में संचालकों ने मुख्य रूप से बताया कि एफसीआई के अधिकारियों द्वारा उन्हें परेशान किया जा रहा है और सही मापदंडों पर स्कंध का उठाव नहीं किया जा रहा है। संचालकों ने मांग की कि गेन लॉस प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाए। संचालकों ने यह भी मांग रखी कि गोदाम स्तरीय खरीदी वर्ष 2025-26 के उपार्जन केंद्र का 3 रुपए प्रति क्विंटल का कमीशन समय पर खातों में डाला जाए, जिससे बिजली बिल और आवश्यक खर्च वहन किए जा सकें। शुरुआत भगवान श्री गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण से हुई। बैठक में स्व. पारस चंद्र जैन को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में आरएम मोरे और नरसिंह पंवार उपस्थित थे। विशेष अतिथि चंचल राठौर और मुकेश पाटीदार मौजूद रहे। बैठक में राधेश्याम गहलोत, नारायण पाटीदार, ओम पाटीदार ताजपुर, अखिलेश धबाई, दशरथ जाट, अजेंद्र त्रिवेदी, उमंग जैन, सुरेश पाटीदार, ज्योतिष शर्मा और लखन चौहान सहित कई संचालक उपस्थित रहे। संचालन पंकज जैन ने किया। स्वागत भाषण की रस्म अखिलेश ने निभाई और आभार जैनुल आबेदीन ने माना। उक्त जानकारी भीमसिंह पंवार ने दी।

# वार्ड 21 में गंदे पानी की निकासी में अनियमितता

**खाचरौद।** नगरपालिका परिषद द्वारा अमृत 2 योजना के अंतर्गत नगर के वार्ड नंबर 21 में किया जा रहे गंदे पानी की निकासी के कार्य में गंभीर अनियमितता की जा रही है।

उक्त आरोप वार्ड 21 की पार्षद रजनी लखन गोहर ने लगाते हुए बताया कि वर्तमान परिषद के अधिकारियों द्वारा अमृत 2योजना के अंतर्गत उनके वार्ड लगभग राशि एक करोड रुपए से नगर के श्री नीलकंठ महादेव मंदिर तालाब पर सौन्दर्यीकरण का कार्य स्वीकृत किया गया था साथ ही उक्त कार्य के साथ-साथ वार्ड नंबर 21 के अंतर्गत आने वाली भोपा कॉलोनी क्षेत्र में नाली निर्माण कर संपूर्ण कॉलोनी का गंदा पानी सीवरेज के माध्यम से बाहर किया जाना था। परंतु ठेकेदार द्वारा प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा तालाब के किनारे पर सीवरेज का निर्माण तो किया गया है। किंतु प्राक्कलन अनुसार संपूर्ण भोपा कॉलोनी क्षेत्र सरस्वती स्कूल रोड नीलकंठ महादेव मंदिर के पीछे व भोपा कॉलोनी की आसपास की अंदर की गलियां एवं मुख्य मार्ग की कच्ची नाली है। उक्त महत्वपूर्ण जनहित की योजना पर ठेकेदार द्वारा लापरवाही व गुणवत्तापूर्ण निर्माण नहीं करते हुए प्राक्कलन के विपरीत कार्य किया जा रहा है। जिसके संबंध में मैं दो अप्रैल को लिखित में शिकायत की गई थी। जिसके पश्चात भी नगरपालिका के जिम्मेदार ने पार्षद को ना तो नक्शा की कॉपी दी गई। साथ ही नक्शे के विपरीत कार्य किया जा रहा है।

# स्टेट कराते चैंपियनशिप में उज्जैन के खिलाड़ियों ने जीते 29 पदक

**उज्जैन।** सीहोर के चंद्रशेखर आजाद शासकीय महाविद्यालय में 2 अगस्त को आयोजित शौर्य प्रीमियर ओपन स्टेट कराते चैंपियनशिप-2026 में उज्जैन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। शी गो शो वा काई कराते एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस स्पर्धा में उज्जैन जिला आत्मरक्षा कराते संघ के 15 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 11 स्वर्ण, 11 रजत और 7 कांस्य सहित कुल 29 पदक जीते और जिले का नाम रोशन किया। सब जूनियर बालिका वर्ग में यशस्वी यादव ने काता और कुमीते दोनों में स्वर्ण पदक जीते। हर्षाली त्रिवेदी ने कुमीते में स्वर्ण व काता में रजत, यशस्वी शाक्य ने काता में स्वर्ण व कुमीते में रजत, मिष्ठी प्रजापत ने काता में रजत व कुमीते में कांस्य तथा ज़िया खान ने कुमीते में रजत व काता में कांस्य पदक प्राप्त किया। कैडेट बालिका वर्ग में मितांशी यादव ने काता व कुमीते दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में दिव्या पंथी ने कुमीते में स्वर्ण व काता में रजत तथा रिदा अली ने कुमीते में रजत व काता में कांस्य पदक अपने नाम किया।

**विधायक व अतिथियों ने किया सम्मान**– खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उज्जैन में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन, दिनेश भट्ट, समाजसेवी विक्रांत जैन, भारती तिवारी और महेश तिवारी ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संचालन ज्वलन शर्मा ने किया तथा संस्था का परिचय मुख्य कोच कमल सोनी ने दिया। समारोह में संस्था अध्यक्ष संतोष कुशवाह, उपाध्यक्ष मोहित नागर, सचिव दीपक कुशवाह, रितेश वर्मा, जयकिशन सोनी, सुनील सोनी, नंदनी सोनी और आशीष प्रजापति सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के अभिभावक मौजूद रहे। संघ ने उम्मीद जताई है कि आगामी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में भी ये खिलाड़ी प्रदेश का परचम लहराएंगे।



### विभिन्न वर्गों में खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

प्रतियोगिता के सब जूनियर बालक वर्ग में यशराज सिंह शाक्य ने कुमीते में स्वर्ण पदक जीता। प्रक्रीत ठाकुर ने काता में स्वर्ण व कुमीते में रजत, वेदांश सोनी ने काता में स्वर्ण व कुमीते में रजत, द्विजराज शर्मा ने काता में रजत व कुमीते में कांस्य तथा मंत्र सोनी ने कुमीते में रजत व काता में कांस्य पदक हासिल किया। कैडेट बालक वर्ग में शुभम सिंह ने कुमीते में स्वर्ण व काता में रजत तथा मानस सोनी ने काता में स्वर्ण व कुमीते में कांस्य पदक जीता।

# स्थानीय संसाधनों और नवीन तकनीकों से उद्यम स्थापित कर आत्मनिर्भर बने युवा

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के एमएसएमई इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन सेंटर और भारत सरकार के एमएसएमई विकास एवं सुविधा कार्यालय इंदौर के सहयोग से मंगलवार को उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और नवोदित उद्यमियों को उद्यमिता के प्रति जागरूक कर केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न स्वरोजगार व उद्योग प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी देना था।

कुलगुरु अर्पण भारद्वाज के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर निगम के अपर आयुक्त संतोष कुमार टैगोर थे तथा अध्यक्षता प्रभारी कुलगुरु शैलेन्द्र शर्मा ने की। मुख्य अतिथि संतोष कुमार टैगोर ने कहा कि युवा उद्यमी देश की आर्थिक प्रगति का आधार हैं। उन्होंने युवाओं को स्थानीय संसाधनों, नवीन तकनीकों और नवाचार पर आधारित उद्यम स्थापित कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। एमआईआईसी के निदेशक उमेश कुमार सिंह ने विद्यार्थियों से नौकरी खोजने के बजाय रोजगार सृजित करने की दिशा में आगे बढ़ने का आव्हान किया।

प्रभारी कुलगुरु शैलेन्द्र शर्मा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 नवाचार और उद्यमिता आधारित शिक्षा पर विशेष बल देती है।



### योजनाओं की विस्तार से जानकारी

प्रथम तकनीकी सत्र में एमएसएमई इंदौर के सहायक निदेशक निलेश त्रिवेदी ने उद्यम पंजीयन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, जेड प्रमाणन सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। द्वितीय सत्र में सहायक निदेशक एस. मोनिका ने सफल उद्यमी बनने के लिए सकारात्मक सोच को अत्यंत आवश्यक बताया।

# उज्जैन की वेडिंग इंडस्ट्री का महाकुंभ शामियाना महोत्सव 12 अगस्त को

**उज्जैन।** जिले की वेडिंग इंडस्ट्री का महाकुंभ शामियाना महोत्सव श्री महाकाल टेन्ट गार्डन एवं मडप व्यवसायी संघ द्वारा12 अगस्त को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिले के टेंट, डेकोरेशन, कैटरिंग, लाइटिंग, साउंड, फ्लावर डेकोर, इवेंट एवं वेडिंग इंडस्ट्री से जुड़े सभी साथी एक मंच पर एकत्रित होंगे। संघ के अध्यक्ष आशीष मल्होत्रा, सचिव सुरेश सिंह चौहान और कोषाध्यक्ष जगदीश गुजराती ने बताया कि आयोजन राधेकृष्ण रिसोर्ट एवं होटल शनिमंदिर त्रिवेणी के पास सांवेर रोड पर सुबह 8 बजे से शुरू होकर दोपहर भोज के साथ समाप्त होगा। शामियाना महोत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि अनुभव, नवाचार, आपसी सहयोग, व्यापारिक अवसरों और संगठन की एकता के उत्सव की तरह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी व मप्र गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री ओम जैन रहेंगे। अध्यक्षता फेडरेशन ऑफ म.प्र. टेन्ट एसोसिएशन भोपाल के प्रदेश अध्यक्ष श्री परमजीतसिंह खनूजा करेंगे। विशेष अतिथि अजय सरावगी, रामबाबू शर्मा, प्रदीप अग्रवाल, राजेश हार्डिया, संजय जैन, रिंकू भटेजा, योगेश श्रीवास्तव, मनीष त्रिवेदी राजा भैया रहेंगे।

### एक नजर में

**समस्याओं के तत्काल निराकरण की मांग को लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी मंशाराम निंगवाल को ज्ञापन सौंपा**

# पालिका परिषद की लापरवाही को लेकर कांग्रेस का सड़कों पर प्रदर्शन

**बड़नगर।** नगर पालिका परिषद बड़नगर की घोर लापरवाही, व्याप्त अनियमितताओं और जनहित की मूलभूत समस्याओं के तत्काल निराकरण की मांग को लेकर समस्त कांग्रेस संगठन ने सड़क पर उतरकर शंखनाद किया। पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस सेवादल, शहर कांग्रेस सेवादल, ब्लॉक युवा कांग्रेस, निर्वाचित पार्षदगण तथा वरिष्ठ नेतृत्व के संयुक्त तत्वाधान में मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंशाराम निगंवाल व एसडीओपी महेन्द्रसिंह परमार को एक ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान नगर पालिका प्रशासन की निष्क्रियता और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। तथा 12 बजे से 3 बजे तक कार्यकर्ताओं ने संबोधित कर माईक के माध्यम से अपनी बात लगभग 3 घण्टे तक रखी। सभा और प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मोरवाल ने कहा कि वर्तमान में नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। तानाशाही रवैये के कारण नगर की आम जनता और व्यापारी वर्ग बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं, वर्तमान में जो सड़क बन रही हैं उसे भी हमने ही मंजुर कराया था, व पूर्व में भी पाला डेम व सड़के मंजूर करवा कर बनवाई हैं। आज हम वार्ड 1 से लेकर 18 तक साफ-सफाई की समस्याओं को मुख्य नगर पालिका अधिकारी के समक्ष रख रहे हैं। खरसोदकलां से रावदिया पीर का रास्ता पूरी तरह से खराब हो गया हैं। आगे बताया की रामलला के मंदिर में खुली लूट की घटना ने आज पूरे देश को शर्मशार कर दिया हैं। कार्यक्रम को गजेन्द्र यादव, प्रवीण बिलाला, रामलाल माली, बार एसोसिएशन अध्यक्ष करण राठौड़, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहनलाल त्रिवेदी, पूर्व युवा कांग्रेस जिला ग्रामीण अध्यक्ष करण मोरवाल, किसान कांग्रेस शहर अध्यक्ष दिनेश पटेल, एडवोकेट महेश विजयवर्गीय, राधेश्याम यादव, रामेश्वर बैरागी, मुकेशसिंह देवड़ा, शकील अहमद, पार्षदपति फकीर मोहम्मद, प्रमोद गादिया आदि ने संबोधित किया।



नगर पालिका में नामांतरण के मामलों को बेवजह लटकाया जा रहा है। जिन्हें तुरंत समय-सीमा के भीतर निराकृत किया जाए। नगर में शुद्ध पेयजल का संकट दूर हो। साथ ही बारिश के मौसम में कॉलोनियों और नागरिकों के घरों में घुस रहे पानी को रोकने के लिए ठोस जल निकासी (ड्रेनेज) व्यवस्था की जाए। महाराणा प्रताप चौक के सौंदर्यीकरण को यथावत सुरक्षित रखा जाए। पात्र परिवारों के राशन कार्ड तुरंत बनाए जाएं और बुजुर्गों की रुकी हुई वृद्धावस्था पेंशन का तत्काल भुगतान बहाल किया जाए।